## प्रश्नकोश

1. **क्रांतिकारियों के एक गुप्त समाज 'अभिनव भारत' का गठन किया था-**

(a) खुदीराम बोस ने (b) वी.डी. सावरकर ने
(c) प्रफुल्ल चाकी ने (d) भगत सिंह ने

**I.A.S. (Pre) 1999**
**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2002**

**उत्तर–(b)**

| | | |
|---|---|---|
| **अभिनव भारत** | | |
| स्थापना वर्ष | – | 1904 |
| स्थान | – | नासिक (महाराष्ट्र) |
| संस्थापक | – | वी.डी. सावरकर |

वी.डी. सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) द्वारा 1899 ई. में स्थापित 'मित्र मेला' ही वर्ष 1904 में एक गुप्त सभा 'अभिनव भारत' में परिवर्तित हो गई।

2. **'अभिनव भारत' से कौन संबंधित है?**

(a) वी.डी. सावरकर (b) सी.आर. दास
(c) बी.जी. तिलक (d) एस.सी. बोस

**53rd to 55th B.P.S.C. (Pre) 2011**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **निम्नलिखित में से किसने 'मित्र मेला' संघ को शुरू किया था?**

(a) श्यामजी कृष्ण वर्मा ने
(b) विनायक दामोदर सावरकर ने
(c) लाला हरदयाल ने
(d) सोहन सिंह भाकना ने

**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. **1905 में क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' संगठित किया गया था–**

(a) ओडिशा में (b) बंगाल में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) महाराष्ट्र में

**U.P. P.C.S. (Pre) 2015**

**उत्तर–(d)**

क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' वी.डी. सावरकर द्वारा महाराष्ट्र (नासिक) में संगठित किया गया था, परंतु इसे वर्ष 1904 में संगठित किया गया था न कि वर्ष 1905 में।



Scanned with OKEN Scanner

5. निम्नलिखित में से किसने क्रांतिकारियों के संगठन अभिनव भारत को संगठित किया था?
(a) जतींद्रनाथ मुखर्जी
(b) मदनलाल धींगरा
(c) विनायक दामोदर सावरकर
(d) लाला हरदयाल

**M.P. P.C.S. (Pre) 2012**

उत्तर—(c)

| |
|---|
| उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें। |

6. **वी.डी. सावरकर द्वारा स्थापित गुप्त संगठन था—**
(a) युगांतर समिति
(b) अनुशीलन समिति
(c) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन
(d) अभिनव भारत

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Pre) 2010**
**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010**

उत्तर—(d)

| |
|---|
| उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें। |

7. **'अभिनव भारत' नामक अंग्रेज विरोधी संगठन की स्थापना की थी—**
(a) आर.जी. भंडारकर ने (b) वी.डी. सावरकर ने
(c) सी.आर. दास ने (d) सरदार भगत सिंह ने

**U.P. P.C.S. (Pre) 2000**

उत्तर—(b)

| |
|---|
| उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें। |

8. **सन् 1906 ई. में लंदन में अभिनव भारत सोसाइटी की स्थापना किसने की थी?**
(a) विनायक दामोदर सावरकर (b) श्यामजी कृष्ण वर्मा
(c) सोहन सिंह (d) पी.एन. बपट
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Re. Exam) (Pre) 2020**

उत्तर—(a)

| |
|---|
| वर्ष 1906 में लंदन पहुंचने पर विनायक दामोदर सावरकर ने वहां इंडिया हाउस में अभिनव भारत सोसाइटी की शाखा स्थापित की। |

9. **निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन वी.डी. सावरकर के बारे में सही हैं?**
(i) उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की।
(ii) भारतीय राष्ट्रवादियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्होंने मैजिनी की जीवनी लिखी।
(iii) उन्होंने 'भारत का स्वतंत्रता संग्राम 1857' नामक पुस्तक लिखी, जो 1857 के विद्रोह का एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण प्रदान करती है।
(iv) ब्रिटिश कैद से मुक्त होने के लिए वे एक चलते जहाज से कूद पड़े।

सही उत्तर चुनिए—
(a) (i), (ii), (iii) और (iv)
(b) केवल (iii) और (iv)
(c) केवल (i), (iii) और (iv)
(d) केवल (i) और (iv)

**R.A.S./R.T.S. (Re. Exam) (Pre) 2013**

उत्तर—(a)

| |
|---|
| वी.डी. सावरकर तथा गणेश सावरकर ने 'मित्र मेला' नामक संगठन शुरू किया। वर्ष 1904 में मित्र मेला के 200 सदस्य नासिक में एकत्र हुए तथा सावरकर ने मित्र मेला का नाम बदलकर 'अभिनव भारत' करने की घोषणा की। सावरकर ने 28 सितंबर, 1906 को मैजिनी की जीवनी को पूरा किया। उन्होंने भारत का स्वतंत्रता संग्राम 1857 नामक पुस्तक लिखी। सावरकर को इंग्लैंड से भारत एस.एस. मोरिआ नामक जहाज से लाया जा रहा था। जब 8 जुलाई, 1910 को जहाज मारसेलेस (Marseilles) बंदरगाह पहुंचा, तो ब्रिटिश कैद से मुक्त होने के लिए वह चलते जहाज से कूद पड़े, परंतु सावरकर पुनः गिरफ्तार कर लिए गए। |

10. **हेडगेवार ने किस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की?**
(a) 1927 (b) 1929
(c) 1924 (d) 1925

**M.P.P.C.S. (Pre) 2013**

उत्तर—(d)

| |
|---|
| 27 सितंबर, 1925 को केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। इसका मुख्यालय नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित है। |

11. **युगांतर पार्टी का नेतृत्व किया था—**
(a) जतींद्रनाथ मुखर्जी ने (b) शचींद्रनाथ सान्याल ने
(c) रास बिहारी बोस ने (d) सुभाष चंद्र बोस ने

**U.P. P.C.S. (Mains) 2009**

उत्तर—(a)


| |
|---|
| जतींद्रनाथ मुखर्जी (1879-1915) बंगाल के क्रांतिकारी थे। वे विवेकानंद और अरबिंद घोष के निष्ठावान अनुयायी और युगांतर, अनुशीलन समिति तथा गदर पार्टी सरीखी क्रांतिकारी समितियों के सक्रिय सदस्य रहे थे। ये 'बाघा जतिन' के नाम से जाने जाते थे। |



Scanned with OKEN Scanner

12. **वह कौन थे जिन्होंने 'अनुशीलन समिति' की स्थापना की थी?**
(a) पी. मित्र (b) बारींद्र घोष
(c) वी.डी. सावरकर (d) नरेंद्र गोसांई
**U.P. P.C.S. (Spl.) (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**




नोट :-
- वर्ष 1902 में सरल घोषाल का अखाड़ा
- वर्ष 1902 में कुछ युवकों द्वारा आत्मोन्नति समिति का गठन
- बारींद्र घोष एवं भूपेंद्रनाथ दत्त के नेतृत्व में वर्ष 1906 से युगांतर (साप्ताहिक) का प्रकाशन
- **हेमचंद्र कानूनगो** - कलकत्ता अनुशीलन समिति के सहयोगी एवं बम विशेषज्ञ।

13. **पटना में 1913 में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना किसने की?**
(a) रेवती नाग (b) यदुनाथ सरकार
(c) शचींद्रनाथ सान्याल (d) मजरूल हक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**63rd B.P.S.C (Pre.) 2017**

**उत्तर—(c)**

पटना में अनुशीलन समिति की शाखा की स्थापना (1913) शचींद्रनाथ सान्याल ने की थी। बनारस षड्यंत्र केस के तहत उन्हें काला पानी की सजा मिली। उन्होंने 'बंदी जीवन' पुस्तक का लेखन किया।

14. **1913 में पटना में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना किसने की थी?**
(a) रामानन्द सिन्हा (b) सतीश झा
(c) शचींद्रनाथ सान्याल (d) बिपिन झा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**67th B.P.S.C. (Pre), 2021**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

15. **बारींद्र कुमार घोष के क्रिया-कलापों ने एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन को बंगाल में जन्म दिया—**
(a) अनुशीलन समिति (b) स्वदेशी बांधव समिति
(c) ब्रती समिति (d) साधना समाज
**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2003**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

16. **बारींद्र घोष किससे संबद्ध थे?**
(a) अनुशीलन समिति से (b) साधना समाज से
(c) अभिनव भारत से (d) स्वदेश बांधव समिति से
**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

17. **'अनुशीलन समिति' थी—**
(a) नारी उत्थान के प्रति समर्पित
(b) विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने वाली
(c) मजदूरों के कल्याण में रुचि रखने वाली
(d) एक क्रांतिकारी संगठन
**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर—(d)**

बारींद्र घोष का संबंध अनुशीलन समिति से था। यह एक क्रांतिकारी संगठन था।

18. **बारींद्र घोष निम्नलिखित में से किससे जुड़े हुए थे?**
(a) साधना समाज से (b) अनुशीलन समिति से
(c) अभिनव भारत से (d) स्वदेश बांधव समिति से
**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

19. **बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य विशेषण कब दिया गया?**
(a) स्वदेशी आंदोलन
(b) क्रांतिकारी आंदोलन
(c) होमरूल आंदोलन
(d) भारत छोड़ो आंदोलन
**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर—(b)**



Scanned with OKEN Scanner

जून, 1897 में चापेकर बंधुओं ने पूना की प्लेग कमेटी के अध्यक्ष रैंड और लेफ्टिनेंट आयर्स्ट की हत्या कर दी थी। रैंड की हत्या को लेकर यह आरोप लगाया गया कि तिलक के नेतृत्व में पूना के ब्राह्मणों ने यह साजिश की थी। जुलाई, 1897 में तिलक को भारतीय दंड संहिता की धारा 124-A के तहत राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन पर मुकदमा चलाकर उन्हें 18 महीने की कैद की सजा दी गई जिसका देशभर में भारी विरोध हुआ। इस कारण तिलक अखिल भारतीय नेता के रूप में लोकप्रिय हो गए और जनता ने उन्हें 'लोकमान्य' की उपाधि दी।

**20. स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी आतंकवादियों का पहला महत्वपूर्ण साहसिक कार्य बर्रा डकैती का स्थान था—**

(a) बंबई-कर्नाटक में (b) पंजाब में
(c) पूर्वी बंगाल में (d) मद्रास प्रेसीडेंसी में

**I.A.S. (Pre) 1995**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1908 की बर्रा डकैती का स्थान पूर्वी बंगाल में अवस्थित था। बर्रा डकैती करने वाले क्रांतिकारियों के समूह को पुलिन बिहारी दास ने नेतृत्व प्रदान किया था।

**21. मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया?**

(a) 1908 (b) 1909
(c) 1907 (d) 1911

**48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

30 अप्रैल, 1908 को बिहार के मुजफ्फरपुर में खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने किंग्सफोर्ड पर बम फेंका, परंतु किंग्सफोर्ड बच गया और दुर्भाग्य से राष्ट्रीय आंदोलन से हमदर्दी रखने वाले मिस्टर कैनेडी की पत्नी एवं पुत्री मारी गईं। प्रफुल्ल चाकी ने पुलिस से बचने के लिए आत्महत्या कर ली तथा खुदीराम बोस को गिरफ्तार कर फांसी दे दी गई।

**22. खुदीराम बोस ने किस स्थान पर किंग्सफोर्ड की हत्या का प्रयास किया था?**

(a) पटना (b) दरभंगा
(c) मुजफ्फरपुर (d) गया
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Re. Exam) (Pre) 2021**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**23. मुजफ्फरपुर बम कांड (1908) का संबंध इनमें से किसके साथ है?**

(a) सावरकर (b) अजीत सिंह
(c) प्रफुल्ल चाकी (d) विपिनचंद्र पाल

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. निम्नलिखित में से किसने बड़ी बुद्धिमानी के साथ अलीपुर षड्यंत्र मामले में अरविंद घोष का बचाव किया?**

(a) चितरंजन दास (b) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
(c) मोतीलाल नेहरू (d) तेज बहादुर सप्रू

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2004**

**उत्तर—(a)**

अलीपुर षड्यंत्र मामले (1908) में अरविंद घोष और उनके भाई बारींद्र घोष सहित 39 लोग अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार हुए थे। इस मामले में 17 लोगों को सजा हुई थी, परंतु अरविंद घोष रिहा कर दिए गए थे। इस मामले में अरविंद घोष का बचाव एड़ी-चोटी का जोर लगाकर चितरंजन दास ने किया था।

**25. किस वर्ष 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई?**

(a) 1920 (b) 1924
(c) 1928 (d) 1930

**40th B.P.S.C. (Pre) 1995**

**उत्तर—(b)**

देश में उचित ढंग से क्रांतिकारी आंदोलन का संचालन करने के उद्देश्य से अक्टूबर, 1924 में युवा क्रांतिकारियों ने कानपुर में एक सम्मेलन बुलाया तथा 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (H.R.A.) नामक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। **संस्थापक**—शचींद्रनाथ सान्याल (अध्यक्ष), राम प्रसाद बिस्मिल, जोगेश चंद्र चटर्जी तथा चंद्रशेखर आजाद।

**26. हिंदुस्तान रिपब्लिकन संगठन की स्थापना की गई थी—**

(a) इलाहाबाद में (b) कानपुर में
(c) लखनऊ में (d) नई दिल्ली में

**U.P.U.D.A./L.D.A. (Mains) 2010**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**27. निम्नलिखित में से कौन हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एच.आर.ए.) का सदस्य नहीं था?**

(a) भगत सिंह (b) चंद्रशेखर आजाद
(c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) शिव वर्मा

**U.P. P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर—(d)**



Scanned with OKEN Scanner

शिव वर्मा हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन (एच.आर.ए.) के सदस्य नहीं थे। बाद में ये इसके परवर्ती संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.S.R.A.) से जुड़े। शेष तीनों (भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद तथा राम प्रसाद बिस्मिल) एच.आर.ए. के सदस्य रहे थे। शिव वर्मा को लाहौर षड्यंत्र मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी।

**28. अपनी फांसी से पूर्व निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से किस एक ने पीने हेतु दिए गए दूध को अस्वीकार कर दिया और कहा, ''अब मैं केवल अपनी मां का दूध लूंगा।''?**

(a) राजगुरु (b) अशफाक उल्लाह

(c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) भगत सिंह

**U.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर—(c)**

प्रसिद्ध क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी से दो दिन पहले जब दूध पीने हेतु दिया गया तो इन्होंने अस्वीकार कर दिया और कहा, ''अब मैं केवल अपनी मां का दूध लूंगा।'' पंडित बिस्मिल एक उम्दा शायर भी थे। फांसी के तख्त पर जाने से पहले 19 दिसंबर, 1927 को इन्होंने अपना अंतिम शेर पढ़ा था, जो इस प्रकार था–

''मालिक तेरी रजा रहे, और तू ही तू रहे
बाकी न मैं रहूं न मेरी आरजू रहे,
जब तक तन में सांस, रगों में लहू रहे
तेरा ही जिक्रेयार और तेरी ही जुस्तजू रहे।''

उ.प्र. लोक सेवा आयोग ने अपने प्रारंभिक उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न के उत्तर के रूप में विकल्प (c) को प्रदर्शित किया था, जबकि संशोधित उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न को विलोपित कर दिया गया।

**29. निम्नलिखित पंक्तियों को किसने लिखा?**
**''सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,**
**देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।''**

(a) बिस्मिल (b) राजगुरु

(c) भगत सिंह (d) आजाद

**56th to 59th B.P.S.C. (Pre) 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त गजल की पंक्तियां शायर बिस्मिल अजीमाबादी की हैं। बिस्मिल अजीमाबादी का वास्तविक नाम सैय्यद शाह मोहम्मद हसन था। वे वर्ष 1901 में पटना से 30 किमी. दूर हरदास बिनाहा गांव में पैदा हुए थे। यह गजल उर्दू में लिखी गई थी एवं वर्ष 1922 में काजी अब्दुल गफ्फार की पत्रिका 'सबाह' में छपी थी।

**30. प्रसिद्ध गीत 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' के रचयिता कौन हैं?**

(a) सूर्यसेन (b) चंद्रशेखर आजाद

(c) सरदार भगत सिंह (d) रामप्रसाद बिस्मिल

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C (Pre) 2020**

**उत्तर—(e)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. निम्नलिखित में से किसको अंग्रेजी सरकार ने काकोरी षड्यंत्र के मामले में फांसी पर चढ़ा दिया?**

(a) भगत सिंह (b) रामप्रसाद बिस्मिल

(c) चंद्रशेखर आजाद (d) बटुकेश्वर दत्त

**M.P. P.C.S (Pre) 1997**

**उत्तर—(b)**

अक्टूबर, 1924 में शचींद्रनाथ सान्याल, राम प्रसाद बिस्मिल तथा चंद्रशेखर आजाद ने कानपुर में क्रांतिकारी संस्था ''हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन'' की स्थापना की। इस संस्था द्वारा 9 अगस्त, 1925 को उत्तर रेलवे के लखनऊ-सहारनपुर संभाग के काकोरी नामक स्थान पर ''आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन'' पर डकैती डाल कर सरकारी खजाना लूटा गया। यह घटना काकोरी कांड (वर्तमान में काकोरी ट्रेन एक्शन डे) के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस कांड में 29 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह, रोशन लाल तथा राजेंद्र लाहिड़ी को फांसी हुई, जबकि चंद्रशेखर आजाद फरार हो गए। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के यही एकमात्र सदस्य थे, जो कभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए। अतः ये काकोरी कांड मुकदमा से बच निकले थे। अंत में 27 फरवरी, 1931 को इलाहाबाद (वर्तमान में प्रयागराज) में अल्फ्रेड पार्क में ये पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। काकोरी कांड से संबंधित मुकदमे में शचींद्रनाथ बक्शी, मुकुंदी लाल एवं मंमथनाथ गुप्त भी शामिल थे।

**32. काकोरी षडयंत्र केस किस वर्ष में हुआ?**

(a) 1920 में (b) 1925 में

(c) 1930 में (d) 1935 में

**U.P. Lowe Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्नलिखित में से काकोरी कांड से जुड़ा कौन क्रांतिकारी मुकदमे से बच निकला था?**

(a) शचींद्रनाथ बक्शी (b) मुकुंदी लाल

(c) चंद्रशेखर आजाद (d) मंमथनाथ गुप्त

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।



Scanned with OKEN Scanner

34. **निम्नलिखित में से वह कौन था, जो 'काकोरी षड्यंत्र कांड' में फांसी की सजा से बच गया था?**

(a) अशफाकउल्लाह खां (b) राजेंद्र लाहिड़ी
(c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) चंद्रशेखर आज़ाद

**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**
**U.P.P.C.S. (Mains) 2006**

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

35. **'काकोरी ट्रेन डकैती कांड' में किन क्रांतिकारियों को फांसी की सजा दी गई थी?**

(a) रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्लाह
(b) वीर सावरकर और वासुदेव चापेकर
(c) प्रफुल्लचंद्र चाकी और खुदीराम बोस
(d) सूर्यसेन और ऊधम सिंह
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th B.P.S.C. (Pre) 2019**

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

36. **निम्नलिखित में से कौन काकोरी कांड से संबंधित नहीं था?**

(a) रामप्रसाद बिस्मिल (b) सूर्यसेन
(c) राजेंद्र लाहिड़ी (d) अशफाकउल्लाह

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2016**

उत्तर–(b)

सूर्यसेन काकोरी कांड से संबंधित नहीं थे। दिए गए विकल्पों में अन्य सभी काकोरी कांड से संबंधित थे।

37. **निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से कौन काकोरी षड्यंत्र केस से जुड़ा नहीं है?**

(a) रामप्रसाद बिस्मिल (b) रोशन सिंह
(c) भगत सिंह (d) अशफाकउल्लाह खां

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2004**

उत्तर–(c)

भगत सिंह काकोरी षड्यंत्र केस से जुड़े नहीं थे।

38. **निम्नलिखित में से कौन काकोरी कांड मुकदमे में सरकारी वकील थे?**

(a) मोहनलाल सक्सेना (b) जगत नारायण मुल्ला
(c) कृष्ण बहादुर (d) प्रभात चंद्र

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

उत्तर–(b)

काकोरी कांड (1925) को अंजाम 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HRA) द्वारा दिया गया। इस कांड में कई लोग पकड़े गए और उन पर मुकदमा चलाया गया। सरकार की ओर से पैरवी के लिए जगत नारायण मुल्ला को नियुक्त किया गया और अभियुक्तों की ओर से सरकार ने लक्ष्मीशंकर मिश्र, के.सी. दत्त और जयकरणनाथ मिश्र को नियुक्त किया। अभियुक्तों की मांग थी कि उच्च कोटि के वकीलों को सरकार नियुक्त करे, परंतु सरकार का निर्णय अंतिम था।

39. **निम्न में से कौन एक 1924 के कानपुर षड्यंत्र मामले में शामिल नहीं था?**

(a) मुजफ्फर अहमद (b) नलिनी गुप्ता
(c) शौकत उसमानी (d) एम.ए. अंसारी

**U.P.P.C.S. (Pre) 2021**

उत्तर–(d)

कम्युनिस्ट आंदोलन की शक्ति एवं बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए कानपुर में एक षड्यंत्र को आधार बनाकर कुछ कम्युनिस्टों पर मुकदमा चलाया गया। यह मुकदमा 'कानपुर षड्यंत्र' के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें एम. एन. राय, श्रीपाद अमृत डांगे, नलिनी गुप्ता, मुजफ्फर अहमद, शौकत उसमानी, गुलाम शौकत हुसैन, रामचरण लाल शर्मा और सिंगार वेलू चेट्टियार पर मुकदमा चला।

40. **किसने कहा था?**
**"दरो-दीवार पे हसरत की नजर करते हैं,**
**खुश रहो अहले-वतन हम तो सफर करते हैं।"**

(a) अशफाकउल्लाह खां ने
(b) बहादुरशाह जफर ने
(c) रामप्रसाद बिस्मिल ने
(d) वाजिद अली शाह ने

**U.P.U.D.A./L.D.A. (Pre) 2002**
**U.P. P.C.S (Pre) 2003**

उत्तर–(d)

उपर्युक्त पंक्ति अवध के आखिरी नवाब वाजिद अली शाह की है। भारतीय क्रांतिकारियों द्वारा इस नज्म का प्रयोग जेल में बंदी रहने के दौरान तथा फांसी दिए जाने पर किया गया था।

41. **हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन गठित की गई थी–**

(a) सुभाष चंद्र बोस द्वारा
(b) रास बिहारी बोस द्वारा
(c) चंद्रशेखर आजाद द्वारा
(d) सरदार भगत सिंह द्वारा

**U.P P.C.S (Pre) 1996**

उत्तर–(c)



Scanned with OKEN Scanner

सितंबर, 1928 में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (H.S.R.A.) की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य भारत में एक समाजवादी गणतंत्रवादी राज्य की स्थापना करना था। साइमन कमीशन के विरोध के समय लाला लाजपत राय पर लाठियों से प्रहार करने वाले सहायक पुलिस अधीक्षक सांडर्स की दिसंबर, 1928 में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद तथा राजगुरु द्वारा की गई हत्या इस संगठन की पहली क्रांतिकारी गतिविधि थी। H.S.R.A. के दो सदस्यों भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को केंद्रीय विधानमंडल में उस समय बम फेंका जब ट्रेड डिस्प्यूट बिल और सेफ्टी बिल पर बहस चल रही थी। इसका उद्देश्य सरकार को डराना मात्र था।

**42. भगत सिंह ने सेंट्रल असेम्बली में बम फेंका था—**

(a) चंद्रशेखर आजाद के साथ (b) सुखदेव के साथ
(c) बटुकेश्वर दत्त के साथ (d) राजगुरु के साथ

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**43. 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई-**

(a) 1919 में (b) 1927 में
(c) 1916 में (d) 1928 में

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**44. निम्नलिखित में से किसने बहरी ब्रिटिश सरकार को सुनाने हेतु केंद्रीय विधानसभा में 8 अप्रैल, 1929 को बम फेंका था?**

**1. भगत सिंह** **2. सुखदेव**
**3. राजगुरु** **4. बटुकेश्वर दत्त**

**सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1 और 4

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2013**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**45. हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक नेताओं में एक थे—**

(a) बी.आर. अम्बेडकर (b) भगत सिंह
(c) सुभाष चंद्र बोस (d) जयप्रकाश नारायण

**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**

**उत्तर—(b)**

विजय कुमार सिंह, शिव वर्मा, जयदेव कपूर, भगत सिंह, भगवती चरण वोहरा तथा सुखदेव ने चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में H.R.A. को पुनः संगठित करने का कार्य शुरू किया। सितंबर, 1928 में फिरोजशाह कोटला मैदान (दिल्ली) में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक बैठक हुई, जिसमें H.R.A. का नाम बदलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (H.S.R.A.) रखा गया। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में समाजवादी गणतंत्रवादी राज्य की स्थापना करना था।

**46. किसने शचींद्र सान्याल द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का नाम बदलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' कर दिया था?**

(a) रास बिहारी बोस (b) बटुकेश्वर दत्त
(c) सरदार भगत सिंह (d) चंद्रशेखर आजाद

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. वर्ष 1928 में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना कहां हुई थी?**

(a) कानपुर में (b) दिल्ली में
(c) इलाहाबाद में (d) लाहौर में

**U.P.P.C.S. (Pre) 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**48. 'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ' के संस्थापक कौन थे?**

(a) गोपेन चक्रवर्ती, फणींद्र बनर्जी, धरणी गोस्वामी
(b) यतींद्रनाथ, अजय घोष, फणींद्रनाथ घोष
(c) व्योमेश चंद्र, गोपेन चक्रवर्ती, शचींद्र सान्याल
(d) व्योमेश चंद्र बनर्जी, अजय घोष, शचींद्र सान्याल

**U.P. P.C.S. (Pre) 2022**

**उत्तर-(*)**

हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ (Hindustan Socialist Democratic Union) नाम से कोई भी संस्था इतिहास में नहीं रही है। Srikrishan 'Sarala' की पुस्तक Indian Revolutionaries 1757-1961, Vol-3 में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, शचींद्र सान्याल आदि द्वारा वर्ष 1928 में गठित संस्था का नाम 'हिंदुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ' बताया गया है; परंतु तत्कालीन दस्तावेजों, इतिहास की प्रामाणिक पुस्तकों में इस संस्था का नाम 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HSRA) दिया गया है। अतः आयोग द्वारा पूछे गए इस प्रश्न में एक त्रुटि संस्था के नाम की है तथा दूसरी यह कि विकल्पगत संस्थापक



Scanned with OKEN Scanner

सदस्यों के नामों पर विचार करें, तो यतींद्रनाथ मुखर्जी वर्ष 1915 में ही शहीद हो गए थे। गोपेन चक्रवर्ती और धरणी गोस्वामी कलकत्ता अनुशीलन समिति के सदस्य थे, साम्यवादी आंदोलन से जुड़े थे तथा मेरठ षड्यंत्र में अभियुक्त थे; परंतु ये दोनों HSRA के सदस्य नहीं थे। व्योमेश चंद्र बनर्जी उदारवादी नेता तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे। HSRA के एवं संस्थापक सदस्यों की दृष्टि से कोई भी विकल्प सही नहीं है। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपने प्रारंभिक उत्तर-पत्रक में इसका उत्तर विकल्प (b) माना है।

**49. क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को अंग्रेजों ने कैसे मार डाला था?**

(a) फांसी देकर

(b) मार-पीट कर

(c) मुठभेड़ में गोलियों से

(d) सैनिक जीप से कुचलकर

**U.P.P.C.S (Pre) 1994**

**उत्तर—(c)**

भगत सिंह के गिरफ्तार होने के बाद भी मशहूर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने क्रांतिकारी गतिविधियां जारी रखीं। काकोरी षड्यंत्र केस से ही पुलिस को चकमा दे रहे आजाद लाहौर षड्यंत्र केस में भी पुलिस से बच निकले। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के यही एकमात्र सदस्य थे, जो कभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए, किंतु 27 फरवरी, 1931 को एक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें इलाहाबाद (वर्तमान में प्रयागराज) के अल्फ्रेड पार्क में घेर लिया। अंतिम समय तक भारत मां के इस अमर सपूत ने बर्बर पुलिस का सामना किया और अंतिम गोली शेष रहने की स्थिति में स्वयं प्राणोत्सर्ग कर लिया।

**50. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया?**

(a) इकबाल (b) एम.के. गांधी

(c) भगत सिंह (d) एस.सी. बोस

**45th B.P.S.C. (Pre) 2001**

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2010**

**उत्तर—(c)**

इंकलाब जिंदाबाद का नारा मौलवी हसरत मोहानी द्वारा लिखा गया था, जबकि भगत सिंह ने इस नारे को लोकप्रिय बनाया था।

**51. प्रसिद्ध नारा "इंकलाब जिंदाबाद" किसने दिया था?**

(a) चंद्रशेखर आजाद ने (b) सरदार भगत सिंह ने

(c) अशफाकउल्लाह खां ने (d) अबुल कलाम आजाद ने

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2004**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**52. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किससे जुड़ा हुआ है?**

(a) चंद्रशेखर आज़ाद (b) रामप्रसाद बिस्मिल

(c) सरदार भगत सिंह (d) लाला हरदयाल

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**53. सरकार के विरोध में असेम्बली में बम फेंकने के समय भगत सिंह की उम्र क्या थी?**

(a) 21 साल (b) 21 साल से थोड़ा ज्यादा

(c) 25 साल (d) 25 साल से थोड़ा ज्यादा

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64th B.P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर—(b)**

भगत सिंह भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी थे। उनका जन्म सितंबर, 1907 में हुआ था। भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका था। इस प्रकार केंद्रीय विधानसभा में बम फेंकने के समय भगत सिंह की उम्र 21 वर्ष से थोड़ा ज्यादा थी। 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह को फांसी दे दी गई।

**54. सुखदेव, भगत सिंह तथा राजगुरु को किस तारीख को फांसी दी गई थी?**

(a) 12 नवंबर, 1930 (b) 23 मार्च, 1931

(c) 7 सितंबर, 1931 (d) 4 मार्च, 1931

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Re. Exam) (Pre) 2021**

**45th B.P.S.C. (Pre) 2001**

**उत्तर—(b)**

'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (H.S.R.A) के दो सदस्यों भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका, दोनों को गिरफ्तार कर केंद्रीय असेम्बली बम कांड के अंतर्गत मुकदमा चलाया गया। बाद में इस संगठन के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर कुल 18 क्रांतिकारियों के ऊपर लाहौर षड्यंत्र कांड के अंतर्गत मुकदमा चलाया गया। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी हुई। 23 मार्च, 1931 को इन तीनों को फांसी दे दी गई।



Scanned with OKEN Scanner

**55. भगत सिंह का स्मारक कहां स्थित है?**

(a) फिरोजपुर में (b) अमृतसर में
(c) लुधियाना में (d) गुरुदासपुर में

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर–(a)**

फिरोजपुर में शहीद भगत सिंह स्मारक स्थित है, जहां प्रतिवर्ष 23 मार्च को हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**56. लाहौर षड्यंत्र कांड में निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी को फांसी नहीं हुई थी?**

(a) बटुकेश्वर दत्त (b) सुखदेव
(c) सरदार भगत सिंह (d) राजगुरु

**M.P.P.C.S. (Pre)1990**

**उत्तर–(a)**

लाहौर षड्यंत्र केस के अंतर्गत गवर्नर जनरल द्वारा गठित विशेष ट्रिब्यूनल ने अक्टूबर, 1930 में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को मौत की सजा सुनाई। 23 मार्च, 1931 को भारत मां के इन अमर सपूतों को फांसी दे दी गई, जबकि बटुकेश्वर दत्त को कालापानी की सजा देकर सेल्युलर जेल (अंडमान) भेज दिया गया।

**57. भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को किस 'वाद' (केस) में फांसी की सजा सुनाई गई थी?**

(a) अलीपुर षड्यंत्र केस (b) लाहौर षड्यंत्र केस
(c) काकोरी षड्यंत्र केस (d) कानपुर षड्यंत्र केस

**Uttrakhand P. C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**58. भगत सिंह को उसके दो साथियों के साथ 23 मार्च, 1931 को फांसी दी गई थी, वो दो साथी कौन थे?**

(a) राजगुरु और सुखदेव
(b) सुखदेव और बी.के. दत्त
(c) राजगुरु और बी.के. दत्त
(d) चंद्रशेखर आजाद और सुखदेव

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Mains) 2007**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**59. लाहौर षड्यंत्र मामले की परिणति किसकी फांसी में हुई?**

**1. रामप्रसाद बिस्मिल** **2. रोशन सिंह**
**3. भगत सिंह** **4. सुखदेव**
**5. राजगुरु**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 1, 2 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 3, 4, 5

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**
**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**60. भारतीय स्वतंत्रता के लिए फांसी पाने वाले प्रथम रिकार्डेड मुस्लिम का नाम बताएं।**

(a) मोहम्मद अली (b) शौकत अली
(c) अशफाकउल्लाह खां (d) आजीजुद्दीन

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2004**

**उत्तर–(c)**

अशफाकउल्लाह खां भारतीय स्वतंत्रता के लिए फांसी पाने वाले पहले रिकार्डेड मुस्लिम थे, उन्हें काकोरी षड्यंत्र केस में फैजाबाद (वर्तमान में अयोध्या) जेल में 19 दिसंबर, 1927 को 27 वर्ष की अवस्था में फांसी दे दी गई थी। उनका जन्म 22 अक्टूबर, 1900 को शाहजहांपुर (उ.प्र.) में हुआ था। तथापि यदि 1857 के विद्रोह का संदर्भ भी लिया जाए, तो इस प्रश्न का उत्तर अजीजुद्दीन होगा, क्योंकि 1857 में दिल्ली विद्रोह को दबाने के बाद अंग्रेजों द्वारा मुगल शहजादे मिर्जा अजीजुद्दीन को नवंबर, 1857 में 6 अन्य मुगल शहजादों के साथ दिल्ली दरवाजे पर फांसी पर लटका दिया गया था।

**61. नीचे कुछ मुकदमों की सूची दी गई है। अंत में दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए उनके तिथ्यानुसार सही क्रम का चयन कीजिए–**

**1. लाहौर मुकदमा** **2. काकोरी मुकदमा**
**3. मेरठ मुकदमा** **4. कानपुर मुकदमा**

**कूट :**

(a) 1, 3, 2 और 4 (b) 2, 4, 3 और 1
(c) 1, 4, 2 और 3 (d) 1, 4, 3 और 2

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(c)**

लाहौर का प्रथम षड्यंत्र मुकदमा गदर आंदोलन के बाद वर्ष 1916 में तथा दूसरा षड्यंत्र मुकदमा भगत सिंह आदि के मामले में वर्ष 1930 में हुआ था। कानुपर षड्यंत्र मुकदमा वर्ष 1924 का, काकोरी षड्यंत्र वर्ष 1925का तथा मेरठ षड्यंत्र मामला वर्ष 1929 का है। प्रथम लाहौर षड्यंत्र केस के संदर्भ में अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) होगा।



Scanned with OKEN Scanner

62. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) हावड़ा षड्यंत्र प्रकरण - 1910
(b) विक्टोरिया षड्यंत्र प्रकरण - 1914
(c) लाहौर षड्यंत्र प्रकरण - 1916 और 1930
(d) काकोरी षड्यंत्र प्रकरण - 1924

U.P. P.C.S. (Pre) 2015

उत्तर–(d)

काकोरी षड्यंत्र प्रकरण 9 अगस्त, 1925 को क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में हुई ट्रेन डकैती को कहते हैं। इस डकैती में क्रांतिकारियों ने लखनऊ के पास काकोरी नामक स्थान पर ट्रेन से ले जाए जा रहे चार हजार रुपये की डकैती की। इस डकैती में चंद्रशेखर आजाद, शचींद्रनाथ सान्याल, मंमथनाथ गुप्ता, राजेंद्र लाहिड़ी आदि क्रांतिकारी शामिल थे। लाहौर षड्यंत्र प्रकरण प्रथम एवं द्वितीय में निर्णय की तिथियां 1916 एवं 1930 में हैं, अतः (c) सही सुमेलित है। इसी प्रकार विकल्प (a) एवं (b) भी सही सुमेलित हैं।

63. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) दिल्ली षड्यंत्र केस  अमीरचंद
(b) काकोरी षड्यंत्र केस  अशफाकउल्ला
(c) लाहौर षड्यंत्र केस  जतिन दास
(d) नासिक षड्यंत्र केस  रास बिहारी बोस

U.P. P.C.S. (Mains) 2017

उत्तर–(d)

दिल्ली षड्यंत्र केस-अमीरचंद;काकोरी षड्यंत्र केस-अशफाकउल्ला; लाहौर षड्यंत्र केस-जतिन दास से संबंधित है, जबकि रास बिहारी बोस का संबंध दिल्ली षड्यंत्र केस से था, वे गिरफ्तारी से बचने के लिए जापान चले गए थे। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

64. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हावड़ा षड्यंत्र केस | 1. मास्टर अमीचंद (अमीरचंद) |
| B. लाहौर षड्यंत्र केस | 2. अरविंद घोष |
| C. दिल्ली षड्यंत्र केस | 3. जतींद्रनाथ मुखर्जी |
| D. अलीपुर षड्यंत्र केस | 4. राजगुरु |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

R.A.S./R.T.S. (Pre) 2021

उत्तर–(c)

| | | |
|---|---|---|
| हावड़ा षड्यंत्र केस | – | जतींद्रनाथ मुखर्जी |
| लाहौर षड्यंत्र केस | – | राजगुरु |
| दिल्ली षड्यंत्र केस | – | मास्टर अमीचंद (अमीरचंद) |
| अलीपुर षड्यंत्र केस | – | अरविंद घोष |

65. मुजफ्फर अहमद, एस.ए. डांगे, शौकत उस्मानी तथा नलिनी गुप्ता किस षड्यंत्र के लिए कैद किए गए थे?

(a) काकोरी रेल डकैती
(b) चटगांव शस्त्रागार पर छापा
(c) मेरठ षड्यंत्र कांड
(d) कानपुर बोल्शेविक षड्यंत्र कांड

Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2012

उत्तर–(d)

बीसवीं सदी के तीसरे दशक में भारत में वामपंथी विचारधारा ने जोर पकड़ा तो सरकार ने दमन का सहारा लिया। वामपंथी नेताओं को जेल में डाला जाने लगा। इसी के तहत वर्ष 1924 में कानपुर में श्रीपाद अमृत डांगे, मुजफ्फर अहमद, नलिनी गुप्ता और शौकत उस्मानी को कानपुर बोल्शेविक षड्यंत्र के मुकदमे में फंसाकर जेल में डाला गया। इन चारों को चार-चार साल कैद की सजा हुई।

66. निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध चटगांव शस्त्रागार धावा (Chattagaon armoury raid) आयोजित किया था?

(a) लक्ष्मी सहगल (b) सूर्यसेन
(c) बटुकेश्वर दत्त (d) जे.एम. सेनगुप्त

I.A.S. (Pre) 2001

उत्तर–(b)

चटगांव शस्त्रागार धावे को 'मास्टर दा' के नाम से प्रसिद्ध सूर्यसेन ने आयोजित किया था। सूर्यसेन ने बंगाल में इंडियन रिपब्लिकन आर्मी (I.R.A.) की स्थापना की थी। इसके सदस्यों में अनंत सिंह, अंबिका चक्रवर्ती, लोकीनाथ, प्रीतिलता वाडेडार, गणेश घोष, कल्पना दत्त, आनंद गुप्त तथा टेगराबल प्रमुख थे। 18 अप्रैल, 1930 को सूर्यसेन ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की। सूर्यसेन के नेतृत्व में आई.आर.ए. के सदस्यों ने चटगांव शस्त्रागार पर आक्रमण कर हथियारों पर कब्जा कर लिया। 22 अप्रैल, 1930 को आई.आर.ए. के सदस्यों और सेना के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें 80 सैनिक और 12 क्रांतिकारी मारे गए। 16 फरवरी, 1933 को सूर्यसेन को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके ऊपर मुकदमा चला तथा 12 जनवरी, 1934 को उन्हें फांसी दे दी गई।

67. 'चटगांव शस्त्रागार धावे' से कौन संबंधित है?

(a) रास बिहारी बोस (b) चंद्रशेखर आजाद
(c) बटुकेश्वर दत्त (d) सूर्य सेन



Scanned with OKEN Scanner

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67th B.P.S.C. (Pre) 2021

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

68. चटगांव शस्त्र छापामारी की योजना बनाई गई थी-

(a) सूर्यसेन (b) चंदन दत्ता

(c) विधान घोष (d) जतिन दास

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

Bihar P.C.S. (Pre.) 2016

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

69. चटगांव आर्मरी रेड से इनमें से कौन संबंधित था?

(a) सूर्यसेन (b) भगत सिंह

(c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) अशफाकउल्लाह

M.P.P.C.S (Pre) 2016

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

70. स्वतंत्रता संग्राम के सबसे कम आयु के शहीद थे–

(a) सुखदेव (b) अशफाकउल्लाह खां

(c) खुदीराम बोस (d) हेमू कालणी

R.A.S./R.T.S. (Pre) 1992

उत्तर–(c)

**(1) सुखदेव–**

जन्म–1907, फांसी–1931

फांसी दिए जाने के समय आयु = 24 वर्ष।

**(2) अशफाकउल्लाह खां–**

जन्म–1900, फांसी–1927

फांसी के समय आयु = 27 वर्ष।

**(3) खुदीराम बोस–**

जन्म–3 दिसंबर, 1889

फांसी–11 अगस्त, 1908

फांसी के समय आयु–18 वर्ष 8 माह 8 दिन

**(4) हेमू कालणी–**

जन्म–23 मार्च, 1923

फांसी–21 जनवरी, 1943

फांसी के समय आयु = 19 वर्ष 9 माह, 28 दिन

अतः प्रश्नगत विकल्पों में स्वतंत्रता संग्राम के सबसे कम आयु के शहीद खुदीराम बोस थे। इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।

71. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अभिनव भारत समाज | 1. अरबिंद घोष |
| B. अनुशीलन समिति | 2. लाला हरदयाल |
| C. गदर पार्टी | 3. सी.आर. दास |
| D. स्वराज पार्टी | 4. वी.डी. सावरकर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

I.A.S. (Pre) 1996

उत्तर–(d)

सही सुमेलन इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| अभिनव भारत | – | वी.डी. सावरकर |
| अनुशीलन समिति | – | अरबिंद घोष |
| गदर पार्टी | – | लाला हरदयाल |
| स्वराज पार्टी | – | सी.आर. दास |

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची-I (संगठन) | सूची-II (संस्थापक) |
|---|---|
| A. अभिनव भारत | 1. वी.डी. सावरकर |
| B. मित्र मेला | 2. वी.डी. सावरकर |
| C. इंडियन रिपब्लिकन आर्मी | 3. एस.एन. सान्याल |
| D. हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन | 4. एस. सेन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

U.P.P.C.S. (Mains) 2014

उत्तर–(d)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| संगठन | | संस्थापक/सह-संस्थापक |
|---|---|---|
| अभिनव भारत | - | वी.डी. सावरकर |
| मित्र मेला | - | वी.डी. सावरकर |
| इंडियन रिपब्लिकन आर्मी | - | एस. सेन |
| हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन | - | एस. एन. सान्याल |



Scanned with OKEN Scanner

73. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. चटगांव शस्त्रागार हमला | 1. लाला हरदयाल |
| B. काकोरी षड्यंत्र | 2. जतिन दास |
| C. लाहौर षड्यंत्र | 3. सूर्यसेन |
| D. गदर पार्टी | 4. रामप्रसाद बिस्मिल |
| | 5. वासुदेव फड़के |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 5 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**I.A.S. (Pre) 1997**

उत्तर–(c)

सही सुमेलन इस प्रकार है–
**चटगांव शस्त्रागार हमला**–सूर्यसेन–18 अप्रैल, 1930
**काकोरी षड्यंत्र**–रामप्रसाद बिस्मिल–9 अगस्त, 1925
**लाहौर षड्यंत्र**–जतिन दास–लाहौर षड्यंत्र केस के अंतर्गत गिरफ्तार, जतिनदास ने जेल में राजनीतिक बंदी का दर्जा प्राप्त करने के लिए भूख हड़ताल की। 63 दिन की भूख हड़ताल के बाद 13 सितंबर, 1929 को उनकी मृत्यु हो गई।
**गदर पार्टी**–लाला हरदयाल– वर्ष 1913

74. जतिन दास किस आरोप में बंदी बनाए गए थे?

(a) मेरठ षड्यंत्र (b) पेशावर षड्यंत्र
(c) लाहौर षड्यंत्र (d) चटगांव सशस्त्र लूट

**U.P. P.C.S. (Pre) 1994**

उत्तर–(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

75. जेल में भूख हड़ताल के कारण जिस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मृत्यु हुई, वह था–

(a) भगत सिंह (b) बिपिन चंद्र पाल
(c) जतिन दास (d) एस.सी. बोस

**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2004**

उत्तर–(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

76. निम्न क्रांतिकारियों को जीवन के अंत के प्रकार के आधार पर सुमेलित कीजिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. जतिन दास | 1. आजीवन कारावास में |
| B. चंद्रशेखर आजाद | 2. भूख हड़ताल से |
| C. भगत सिंह | 3. मुठभेड़ के दौरान |
| D. कल्पना दत्त | 4. फांसी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (e) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2013**

उत्तर–(b)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| जतिन दास | - | भूख हड़ताल |
| चंद्रशेखर आजाद | - | मुठभेड़ के दौरान |
| भगत सिंह | - | फांसी |
| कल्पना दत्त | - | आजीवन कारावास |

77. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. चटगांव आर्मरी रेड | 1. कल्पना दत्त |
| B. अभिनव भारत | 2. गुरु रामसिंह |
| C. अनुशीलन समिति | 3. विनायक दामोदर सावरकर |
| D. कूका आंदोलन | 4. अरबिंद घोष |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**I.A.S. (Pre) 2000**

उत्तर–(a)

सही सुमेलन इस प्रकार है -
चटगांव आर्मरी रेड–कल्पना दत्त (सूर्यसेन के साथ गिरफ्तार हुईं, इन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली)
अभिनव भारत–विनायक दामोदर सावरकर
अनुशीलन समिति–अरबिंद घोष
कूका आंदोलन–गुरु रामसिंह



Scanned with OKEN Scanner

**78. काकोरी केस के अभियुक्तों के बचाव हेतु किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन हुआ था?**

(a) आचार्य नरेंद्र देव (b) गोविंद बल्लभ पंत
(c) चंद्रभानु गुप्त (d) मोतीलाल नेहरू

**U.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(b)**

हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में से एक तथा काकोरी कांड में आजीवन कारावास से दंडित श्री योगेश चंद्र चटर्जी ने अपनी आत्मकथा 'In Search of Freedom' में स्पष्ट लिखा है कि पं. मोतीलाल नेहरू ने पं. गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में काकोरी कांड बचाव समिति (Kakori Case Defence Committee) का गठन किया था। पत्र सूचना कार्यालय (PIB) की वेबसाइट पर प्रस्तुत शंकर नारायण राव के आलेख में यह उल्लिखित है कि मुख्य मुकदमे में बचाव समिति के अध्यक्ष पं. मोतीलाल नेहरू थे। यहां हम श्री चटर्जी की पुस्तक को प्राथमिक स्रोत मानते हुए विकल्प (b) को उत्तर के रूप में ग्रहण कर रहे हैं। उ.प्र. लोक सेवा आयोग ने प्रारंभ में विकल्प (d) को सही माना था, परंतु संशोधित उत्तर-पत्रक में विकल्प (b) को सही मान लिया।

**79. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए एवं सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| **सूची-I (संघ)** | **सूची-II (संस्थापक)** |
|---|---|
| **A. रिवोल्ट ग्रुप** | **1. रामप्रसाद बिस्मिल** |
| **B. हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन** | **2. चंद्रशेखर आजाद** |
| **C. हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन** | **3. लाला लाजपत राय** |
| **D. पंजाब नौजवान भारत सभा** | **4. भगत सिंह** |
| | **5. सूर्यसेन** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 5 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 3 |
| (d) | 5 | 1 | 2 | 4 |

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**

**उत्तर–(d)**

सही सुमेलन इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| रिवोल्ट ग्रुप | - | सूर्यसेन |
| हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन | - | रामप्रसाद बिस्मिल |
| हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन | - | चंद्रशेखर आजाद |
| पंजाब नौजवान भारत सभा | - | भगत सिंह |

बंगाल में चटगांव क्रांतिकारी आंदोलन को चलाने का श्रेय मास्टर सूर्यसेन को है। उन्होंने रिवोल्ट ग्रुप की स्थापना की। रामप्रसाद बिस्मिल हिंदुस्तानी गणतांत्रिक संघ (H.R.A.) के संस्थापक सदस्य थे। काकोरी ट्रेन डकैती में इनका विशेष योगदान था। हिंदुस्तानी समाजवादी गणतांत्रिक संघ के सदस्य चंद्रशेखर आजाद ने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.S.R.A.) का गठन किया। भगत सिंह वर्ष 1925 में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन में सम्मिलित हुए। इनके द्वारा पंजाब नौजवान भारत सभा का गठन किया गया था।

**80. निम्नलिखित में से 1926 ई. में गठित 'नौजवान-सभा' का प्रारंभिक सदस्य कौन नहीं था?**

(a) भगत सिंह (b) यशपाल
(c) छबील दास (d) अंबिका चक्रवर्ती

**U.P.P.C.S. (Pre) 2021**
**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2021**

**उत्तर–(d)**

वर्ष 1926 में लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान में) में सरदार भगत सिंह, छबील दास, यशपाल, रामचंद्र, भगवती चरण बोहरा आदि ने मिलकर नौजवान सभा की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य भारत में मजदूर एवं किसानों का राज्य स्थापित करना था। अंबिका चक्रवर्ती इसमें बाद में शामिल हुए थे।

**81. नीचे संगठनों की एक सूची दी गई है। सूची के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए क्रांतिकारी गतिविधियों में लिप्त संगठनों का चयन कीजिए–**

**1. अभिनव भारत**
**2. अनुशीलन समिति**
**3. न्यू नेशनलिस्ट पार्टी**
**4. इंडियन पैट्रियॉट एसोसिएशन**

**कूट :**

(a) 1 एवं 3 (b) 1 एवं 2
(c) 2, 3 एवं 4 (d) 1, 2 एवं 4

**U.P. P.C.S. (Pre) 2004**

**उत्तर–(b)**

अभिनव भारत तथा अनुशीलन समिति दोनों क्रांतिकारी संगठन थे। 'इंडियन पैट्रियाटिक एसोसिएशन' की स्थापना सर सैयद अहमद खां ने 1888 ई. में कांग्रेस के विरोध में की थी।

**82. 'निष्क्रिय विरोध' के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया?**

(a) महात्मा गांधी (b) बिपिनचंद्र पाल
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) अरबिंद घोष

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

'निष्क्रिय विरोध' के सिद्धांत का प्रतिपादन अरविंद घोष ने अपनी पुस्तक 'वंदे मातरम्' में किया था। उनका मानना था कि अंग्रेजों को भारत अविलंब छोड़ देना चाहिए। जब तक अंग्रेज ऐसा नहीं करते, तब तक उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते रहना चाहिए।

**83. निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

**1. सुभाष चंद्र बोस ने फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन किया।**

**2. भगत सिंह हिंदुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापकों में से एक थे।**

**कूट :**

(a) केवल 1 सही है।

(b) केवल 2 सही है।

(c) 1 एवं 2 दोनों सही हैं।

(d) उपर्युक्त में कोई भी सही नहीं है।

**M.P.P.C.S. (Pre) 2008**

**उत्तर—(c)**

सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष का पद त्याग करने के बाद 3 मई, 1939 को 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। सितंबर, 1928 में फिरोजशाह कोटला मैदान (दिल्ली) में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक बैठक हुई, जिसमें 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना की गई। भगत सिंह इसके संस्थापक सदस्यों में थे।

**84. निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी की फांसी गोरखपुर जेल में हुई थी?**

(a) रामप्रसाद बिस्मिल (b) राजेंद्र लाहिड़ी

(c) रोशन सिंह (d) अशफाकउल्लाह खां

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2006**

**उत्तर—(a)**

काकोरी कांड 9 अगस्त, 1925 को घटित हुआ। इस घटना में कुल 29 भारतीय क्रांतिकारी पकड़े गए। इनमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खां, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी आदि पर मुकदमा चलाकर फांसी दे दी गई। इनमें रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी गोरखपुर जेल में दी गई। राजेंद्र लाहिड़ी को गोंडा में, रोशन सिंह को इलाहाबाद में तथा अशफाकउल्लाह खां को फैजाबाद में फांसी दी गई थी।

**85. काकोरी षड्यंत्र केस में, प्रधान आरोपी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को उत्तर प्रदेश के किस शहर में फांसी दी गई थी?**

(a) वाराणसी (b) गोरखपुर

(c) कानपुर (d) लखनऊ

**U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2021**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**86. निम्नलिखित में से किस कारागार में पं. रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी दी गई थी?**

(a) गोंडा (b) फैजाबाद

(c) गोरखपुर (d) वाराणसी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**87. निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी नेता ने कलकत्ता के क्रूर पुलिस कमिश्नर चार्ल्स टेगार्ट की हत्या का प्रयास किया था?**

(a) शचींद्रनाथ सान्याल (b) राजेंद्र लाहिड़ी

(c) चंद्रशेखर आजाद (d) गोपीनाथ साहा

**U.P. R.O./ A.R.O. (Mains) 2016**

**उत्तर—(d)**

12 जनवरी, 1924 को कलकत्ता के चौरंगी रोड पर 'गोपीनाथ साहा' नामक भारतीय क्रांतिकारी नेता ने कलकत्ता के क्रूर पुलिस कमिश्नर चार्ल्स टेगार्ट की हत्या करने का असफल प्रयास किया था, परंतु दुर्भाग्य से एक अंग्रेज नागरिक 'अर्नेस्ट डे' को गोली लग गई। ध्यातव्य है कि 'चार्ल्स टेगार्ट' वर्ष 1923 से 1931 के मध्य कलकत्ता में पुलिस कमिश्नर था।

**88. निम्नलिखित में से किस महिला क्रांतिकारी ने दीक्षांत समारोह में अपनी उपाधि (डिग्री) ग्रहण करते समय अंग्रेज गवर्नर (कुलाधिपति) पर गोली चलाई थी?**

(a) शांति घोष (b) सुनीति चौधरी

(c) बीना दास (d) कल्पना दत्त (जोशी)

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2010**

**उत्तर—(c)**

फरवरी, 1932 में बीना दास ने दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करने के समय बहुत नजदीक से गवर्नर पर गोली चलाई।

**89. किसने कहा था " आलोचना और स्वतंत्र चिंतन एक क्रांतिकारी की दो विशेषताएं हैं"?**

(a) भगत सिंह ने (b) रामप्रसाद बिस्मिल ने

(c) शचींद्रनाथ सान्याल ने (d) भगवती चरण वोहरा ने

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर—(a)**

भगत सिंह ने कहा था "आलोचना और स्वतंत्र चिंतन एक क्रांतिकारी की दो विशेषताएं हैं।"



Scanned with OKEN Scanner

90. ''लाठी क्लब'' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?

(a) भगत सिंह (b) लाला लाजपत राय

(c) बाल गंगाधर तिलक (d) बिपिन चंद्र पाल

**U.P. R.O./ A.R.O. (Re. Exam) (Pre) 2016**

**उत्तर–(c)**

लाठी क्लब, हिंदू अखाड़ा, गणपति महोत्सव, शिवाजी महोत्सव आदि की स्थापना/शुरुआत बाल गंगाधर तिलक ने की थी।

**91. विश्व युद्धों के बीच वर्षों में भारत में सक्रिय क्रांतिकारी आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) चंद्रशेखर आजाद ने अनुशीलन समिति की स्थापना की।

(b) भगत सिंह नौजवान भारत सभा के संस्थापक थे।

(c) प्रफुल्ल चाकी ने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की।

(d) सूर्यसेन ने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन गठित किया।

(e) शचींद्रनाथ सान्याल युगांतर के संस्थापक थे।

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर–(b)**

भगत सिंह ने मार्च, 1926 में नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी। अनुशीलन समिति की स्थापना पी. मित्रा और पुलिन दास द्वारा की गई थी। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.R.A.) की स्थापना वर्ष 1924 में कानपुर में शचींद्रनाथ सान्याल, रामप्रसाद बिस्मिल, जोगेश चंद्र चटर्जी ने की थी। सितंबर, 1928 में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई।

Scanned with OKEN Scanner